# राजस्थान: एक सामान्य परिचय

---

## पाठगत प्रश्न: (आओ करके देखें)

### (पृष्ठ संख्या 12)

**पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ संख्या 12 पर दिए भारत के मानचित्र को देखकर पता लगाइए कि-**

**प्रश्न 1. राजस्थान की सीमा किस एकमात्र देश से मिलती**

**उत्तर:** पाकिस्तान से

**प्रश्न 2. राजस्थान के पड़ोसी राज्यों के नाम बताइए**
(क) उत्तर में
(ख) पूर्व में
(ग) दक्षिण-पूर्व में
(घ) दक्षिण में

**उत्तर:** (क) पंजाब, हरियाणा
(ख) उत्तर प्रदेश
(ग) मध्य प्रदेश
(घ) गुजरात

**(पृष्ठ संख्या 13)**

**पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ संख्या 13 पर दिए राजस्थान के मानचित्र को देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**प्रश्न 1. राजस्थान के सभी जिलों की सूची बनाइए।**

**उत्तर:** राजस्थान के जिलेक्रम जिले

| **क्रम** | **जिले** |
|---|---|
| 1. | अजमेर |
| 2. | अलवर |
| 3. | बाड़मेर |
| 4. | बीकानेर |
| 5. | बूंदी |
| 6. | बाँसवाड़ा |
| 7. | बारां |
| 8. | भीलवाड़ा |
| 9. | भरतपुर |
| 10. | चूरू |
| 11. | चित्तौड़गढ़ |
| 12. | दौसा |
| 13. | धौलपुर |
| 14. | डूँगरपुर |
| 15. | हनुमानगढ़ |
| 16. | जैसलमेर |
| 17. | जोधपुर |
| 18. | जयपुर |
| 19. | झुंझुनू |
| 20. | झालावाड़ |
| 21. | जालौर |
| 22. | कोटा |
| 23. | करौली |
| 24. | नागौर |
| 25. | प्रतापगढ़ |
| 26. | पाली |
| 27. | राजसमंद |

| | |
|---|---|
| 28. | श्रीगंगानगर |
| 29. | सीकर |
| 30. | सिरोही |
| 31. | सवाई माधोपुर |
| 32. | टोंक |
| 33. | उदयपुर |

**प्रश्न 2. राजस्थान के सबसे उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी व पश्चिमी जिलों के नाम लिखिए।**

**उत्तर:** राजस्थान का सबसे उत्तरी जिला-श्रीगंगानगर राजस्थान का सबसे दक्षिणी जिला-बांसवाड़ा। राजस्थान का सबसे पूर्वी जिला-धौलपुर। राजस्थान का सबसे पश्चिमी जिला -जैसलमेर।

**प्रश्न 3. राजस्थान के कौन-कौन से जिले पाकिस्तान की सीमा पर स्थित हैं?**

**उत्तर:** राजस्थान के श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर एवं बाड़मेर जिले पाकिस्तान की सीमा पर स्थित हैं।

**प्रश्न 4. राजस्थान के पड़ोसी राज्यों के साथ सीमा बनाने वाले जिलों की पहचान कीजिए।**

**उत्तर:** राजस्थान के पड़ोसी राज्यों के साथ सीमा बनाने वाले जिले निम्न प्रकार हैं|

1. **पंजाब के साथ –** श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़।
2. **हरियाणा के साथ –** हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर, अलवर, भरतपुर।
3. **उत्तरप्रदेश के साथ –** भरतपुर, धौलपुर।
4. **मध्यप्रदेश के साथ –** धौलपुर, सवाई माधोपुर, करौली, कोटा, बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बाँसवाड़ा।
5. **गुजरात के साथ –** बाँसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर, सिरोही, जालौर, बाड़मेर।

## (पृष्ठ संख्या 16)

**प्रश्न 1. राजस्थान के मानचित्र को देखकर भौतिक प्रदेशों एवं उनमें स्थित प्रमुख जिलों के नाम लिखिए।**

**उत्तर:** भौतिक प्रदेश उसमें स्थित प्रमुख जिलों के नाम-

1. **थार का मरुस्थल –** श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू, नागौर, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, पाली, जालौर, सीकर व झुन्झुनूं।

2. **अरावली पर्वत –** अलवर, दौसा, जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, राजसमन्द, उदयपुर, सिरोही।
3. **पूर्वी मैदान –** भरतपुर, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, बूंदी, जयपुर, अजमेर, टोंक, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर व बॉसवाड़ा।
4. **हाड़ौती का पठार –** मुख्यतः कोटा, बारां, बूंदी व झालावाड़ जिले

## (पृष्ठ संख्या 19)

**प्रश्न 1. आपका जिला किस भौतिक प्रदेश में स्थित है? पहचान कर उस भौतिक प्रदेश की प्रमुख विशेषताओं को लिखिए।**

**उत्तर:** मेरा जिला जयपुर है। जयपुर जिले का कुछ भाग अरावली पर्वतीय प्रदेश में एवं अधिकांश भाग पूर्वी मैदानी प्रदेश में आता है। पूर्वी मैदानी प्रदेश की विशेषताएँ-यह राज्य के लगभग 23% भाग पर फैला है। इसका निर्माण चम्बल, बनास, बाणगंगा व उनकी सहायक नदियों द्वारा हुआ है। विस्तृत रूप में यह मैदान गंगा के मैदान का ही हिस्सा है। यह प्रदेश राजस्थान का सबसे उपजाऊ व सर्वाधिक घनत्व वाला क्षेत्र है। राजस्थान की लगभग 40% जनसंख्या इस क्षेत्र में निवास करती है।

## पाठ्यपुस्तक के प्रश्न

**प्रश्न 1. सही विकल्प को चुनिए-**
**(A**) राजस्थान को कितने भौतिक प्रदेशों में विभाजित किया जाता है
(क) चार
(ख) पाँच
(ग) तीन
(घ) दो

**उत्तर:** (क) चार

**(B)** राजस्थान में माउण्ट आबू के सबसे ठण्डा रहने का प्रमुख कारण है-
(क) पथरीला धरातल
(ख) अधिक ऊँचाई
(ग) अधिक वर्षा
(घ) जल स्रोत उत्तरमाला

**उत्तर:** (ख) अधिक ऊँचाई

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

1. राजस्थान की जलवायु पर भारत की........ जलवायु का स्पष्ट प्रभाव है।
2. बालुका स्तूप को स्थानीय भाषा में .......... कहते हैं।
3. थार के मरुस्थल का अधिकांश भूमिगत जल .........
4. राजस्थान में अरावली पर्वत की सबसे ऊँची पर्वत चोटी......... है ।

**उत्तर:** 1. मानसूनी 2. धोरे 3. खारा 4. गुरुशिखर

**प्रश्न 3. 'लू' क्या है? समझाइए।**

**उत्तर:** राजस्थान में ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली अत्यन्त गर्म धूलभरी हवाओं को 'लू' कहा जाता है।

**प्रश्न 4. मावठ किसे कहते हैं? इससे हमें क्या लाभ हैं?**

**उत्तर:** भारत में शीत ऋतु में होने वाली वर्षा को 'मावत' या पश्चिमी विक्षोभ' कहा जाता है। ये चक्रवात भूमध्य सागर से आकर राजस्थान सहित उत्तरी-पश्चिमी भारत में वर्षा करते हैं। भारत में मावठ' गेहूं की फसल के लिए अत्यन्त लाभदायक है।

**प्रश्न 5. उत्खात भूमि कहाँ स्थित है? इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए।**

**उत्तर:** राजस्थान में उत्खात भूमि या डांग या चम्बल के बीहड़ चम्बल नदी के आस-पास क्षेत्र में स्थित हैं। यह भूमि नाली अपरदन के कारण अत्यधिक ऊबड़-खाबड़ हो गई है। ये बीहड़ चम्बल नदी के सहारे कोटा से धौलपुर तक विस्तृत हैं।

**प्रश्न 6. मरुस्थलीकरण को रोकने के उपाय बताइए।**

**उत्तर:** मरुस्थलीकरण को रोकने के लिए निम्न उपाय हैं

1. मरुस्थलीकरण को रोकने के लिए पंक्तिबद्ध वृक्षारोपण करना चाहिए।
2. भूमिगत जल का विकास एवं उपभोग करना
3. नहरों का अधिक विस्तार किया जाना चाहिए।
4. कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन आदि का विकास किया जाना चाहिए।
5. मिट्टी व नमी का संरक्षण किया जाना चाहिए।
6. वन क्षेत्रों का विकास एवं विस्तार किया जाना चाहिए।

**प्रश्न 7. राजस्थान की ऋतुओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर:** राजस्थान की ऋतुएँ-वर्षभर में राजस्थान में मुख्यतः निम्न तीन ऋतुएँ होती हैं|

**1. ग्रीष्म ऋतु ( मार्च से जून ) –** इस ऋतु में तापमान सामान्यतः 30 से 40°C के ऊपर रहता है। पश्चिमी राजस्थान में विशेषकर जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, जोधपुर, श्रीगंगानगर, चूरू आदि जिलों में 40-45°C तक तापमान हो जाता है। थार मरुस्थल भारत के अत्यधिक गर्म प्रदेशों में से एक है। जिसका कारण है रेत, क्योंकि रेत जल्दी गर्म होती है वे जल्दी ठंडी होती है। अतः मरुस्थल में इस ऋतु में दिन का तापमान बहुत बढ़ जाता है और रात में कम हो जाती है, जिससे दैनिक व वार्षिक तापान्तर भी अधिक होता है। ऊँचाई के कारण इस ऋतु में माउण्ट आबू राजस्थान को सबसे ठंडा रहने वाला स्थान है।

**2. वर्षा ऋतु ( जुलाई से सितम्बर) –** यह राजस्थान की | सबसे महत्त्वपूर्ण ऋतु है। राजस्थान की 90 से 95% तक वर्षा इसी ऋतु में मानसूनी पवनों द्वारा होती है। यहाँ अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों शाखाओं से मानसूनी वर्षा होती है, लेकिन बंगाल की खाड़ी के मानसून से अधिक वर्षा होती है, जो अधिकांशतः पूर्वी राजस्थान में होती है। अरब सागर के मानसून से अधिकांश वर्षा दक्षिणी राजस्थान में होती है। राजस्थान में सबसे अधिक एवं सबसे कम वर्षा क्रमशः झालावाड़ (लगभग 100 सेमी.) एवं जैसलमेर (लगभग 10 सेमी.) जिलों में होती है, जो क्रमशः राजस्थान के सबसे आई एवं शुष्क जिले माने जाते हैं। सबसे अधिक वर्षा प्राप्त करने वाला स्थान माउण्ट आबू है, जहाँ औसतन 150 सेमी. वर्षा होती है। राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी भाग से उत्तरी-पश्चिमी भाग की ओर वर्षा लगातार कम होती जाती है। अरावली के पूर्व में 50 सेमी. से अधिक और पश्चिम में 50 सेमी. से कम वर्षा होती है। अतः अरावली के सहारे 50 सेमी. समवर्षा रेखा राजस्थान को दो भागों में विभाजित करती है।

**3. शीत ऋतु ( अक्टूबर से फरवरी ) –** इस ऋतु में तापमान धीरे-धीरे कम होता जाता है। पश्चिमी राजस्थान में तापमान 0 डिग्री सेण्टीग्रेड तक चला जाता है क्योंकि रेत अत्यधिक ठंडी हो जाती है। ऊँचाई के कारण ही इस ऋतु में माउण्ट आबू राजस्थान में सबसे ठंडा रहता है। इस ऋतु में आकाश साफ रहता है और मंद-मंद गति से ठंडी पवन चलती है, जो शीतलहर कहलाती है।

**प्रश्न 8. राजस्थान के भौतिक प्रदेशों के नाम लिखते हुए उनकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए।**

**अथवा**

**राजस्थान की भौतिक संरचनाओं के नाम लिखते हुए उनकी संक्षिप्त विशेषताएँ बताइये।।**

**अथवा**

**राजस्थान को किन-किन भौतिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है? किसी एक क्षेत्र का विस्तार से वर्णन कीजिए।**

**उत्तर:** राजस्थान के भौतिक प्रदेश-राजस्थान को भूसंरचना के आधार पर चार भागों में बाँटा जा सकता है। राजस्थान के ये चार भौतिक प्रदेश एवं इनकी विशेषताएँ निम्न प्रकार हैं-

**1. थार का मरुस्थल –** थार का मरुस्थल पश्चिम में पाकिस्तान की सीमा से लेकर मध्य राजस्थान में अरावलीतक राजस्थान के पश्चिमी भाग में फैला हुआ है। यह राज्य के लगभग 61% भाग (12 जिलों में) पर फैला है। इसका ढाल पश्चिम में पाकिस्तान की ओर है। विश्व के सभी मरुस्थलों से अधिक जनघनत्व (राजस्थान की लगभग 40% जनसंख्या), पशु घनत्व, वर्षा, खनिज विविधता, वनस्पति, कृषि, सिंचाई के साधन, सर्वाधिक जैव विविधता आदि के कारण इसे विश्व का सबसे धनी मरुस्थल कहा जाता है। राज्य में बाड़मेर, जैसलमेर व बीकानेर में स्थित मरुस्थलीय भाग को 'भारतीय महामरुस्थल' कहा जाता है।

इस क्षेत्र में रेतीली मिट्टी व रेत के टीले (बालुका स्तूप) पाये जाते हैं। जो हवा के साथ अपना स्थान बदल देते हैं। यहाँ रोहिड़ा व खेजड़ी आदि प्रमुख वृक्ष; कैर, आक, थोर, फोग, लाणा, आरणा आदि प्रमुख झाड़ियों तथा सेवण, धामण, करड़ आदि। प्रमुख घास हैं। थार मरुस्थल का अधिकांश भूमिगत जल खारा है लेकिन इन्दिरा गाँधी नहर का निर्माण कर सतलज नदी के पानी को यहाँ पहुँचा कर क्षेत्र के जल संकट को दूर करने का प्रयास किया गया है। धरातलीय विशेषताओं के आधार पर थार के मरुस्थल को मरुभूमि, घग्घर का मैदानी भाग, अर्द्धमरुस्थलीय भाग, नागौर की उच्च भूमि तथा अन्त:प्रवाही प्रदेश में बांटा गया है।

**2. अरावली पर्वत –** राजस्थान के मध्यवर्ती भाग में दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा में राज्य के लगभग 9% भाग पर यह पर्वत फैला हुआ है। यह विश्व के सबसे प्राचीन पर्वतों में से एक है, जो दक्षिण में गुजरात के खेड़ब्रह्मा |से उत्तर में दिल्ली तक 692 किमी. लंबा है। अरावली राजस्थान को दो प्रमुख भागों में विभाजित करता है-पूर्वी व पश्चिमी राजस्थान खनिज संसाधन, वनस्पति, वन्यजीव, नदियों के उद्गम स्थान, वर्षा में सहायक होने के कारण अरावली को राजस्थान की जीवन-रेखा कहा जाता है। राजस्थान तथा अरावली पर्वत की सबसे ऊँची चोटी 'गुरुशिखर' (1722 मी.) है, जो सिरोही जिले में स्थित

**3. पूर्वी मैदान –** यह प्रदेश राज्य के लगभग 23% भाग पर फैला हुआ है। इस मैदान की रचना चम्बल, बनास, बाणगंगा व उनकी सहायक नदियों द्वारा की गयी है। चम्बल नदी के आसपास का क्षेत्र अत्यधिक ऊबड़
खाबड़ होने के कारण उत्खात भूमि' या 'बीहड़' कहलाता है। पूर्वी मैदान राजस्थान को सबसे उपजाऊ व सर्वाधिक जनघनत्व वाला क्षेत्र है। राज्य की लगभग 40% जनसंख्या इस क्षेत्र में निवास करती है। राजस्थान के दक्षिणी भाग में स्थित बांसवाड़ा व प्रतापगढ़ जिलों के भी कुछ भाग मैदानी हैं, जिनकी रचना माही और उसकी सहायक नदियों ने की है। इसे 'माही का मैदान कहते हैं।

**4. दक्षिणी –** पूर्वी पठार या हाड़ौती का पठार-राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी भाग में राज्य का लगभग 7% भाग पठारी है जिसे प्राचीन समय में हाड़ा वंश के शासकों का क्षेत्र होने के कारण हाड़ौती का पठार' भी कहा जाता है। इस क्षेत्र की अधिकांश मिट्टी मध्यम काली है जिसका निर्माण लावा से हुआ है। यह काफी उपजाऊ मिट्टी है। उड़िया, आबू, भोराट, उपरमाल, लसाड़िया और मेसा का पठार आदि राजस्थान के अन्य पठार हैं।

## अन्य महत्त्वपूर्ण प्रश्न

### बहुविकल्पात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. राजस्थान में जिलों की संख्या कितनी है?**
(अ) 27
(ब) 32
(स) 33
(द) 35

**उत्तर:** (स) 33

**प्रश्न 2. थार का मरुस्थल राजस्थान के कितने प्रतिशत भू-भाग पर फैला हुआ है?**

(अ) लगभग 61% भाग पर
(ब) लगभग 23% भाग पर
(स) लगभग 9% भाग पर
(द) लगभग 7% भाग पर

**उत्तर:** (अ) लगभग 61% भाग पर

**प्रश्न 3. राजस्थान की सर्वोच्च चोटी 'गुरुशिखर' की ऊँचाई है-**
(अ) 1622 मीटर
(ब) 1722 मीटर
(स) 1822 मीटर
(द) 1922 मीटर

**उत्तर:** (ब) 1722 मीटर

**प्रश्न 4. राजस्थान का सबसे उपजाऊ व सर्वाधिक जनघनत्व वाला क्षेत्र कौनसा है?**
(अ) थार का मरुस्थल
(ब) अरावली पर्वत
(स) हाड़ौती का पठार
(द) पूर्वी मैदान

**उत्तर:** (द) पूर्वी मैदान

**प्रश्न 5. राजस्थान का सबसे आई जिला है-**
(अ) झालावाड़
(ब) बांसवाड़ा
(स) उदयपुर
(द) प्रतापगढ़

**उत्तर:** (अ) झालावाड़

**प्रश्न 6. राजस्थान का सबसे शुष्क जिला है**
(अ) बाड़मेर
(ब) बीकानेर
(स) जैसलमेर
(द) जोधपुर

**उत्तर:** (स) जैसलमेर

**रिक्त स्थानों की पूर्ति करें**

1. राजस्थान में अरावली पर्वत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी ……… (1722 मीटर) है जो……… जिले में स्थित है। (से/गुरु शिखर; सिरोही/चूरू)
2. राजस्थान के मध्य भाग में दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा में लगभग…….. प्रतिशत भाग पर ……….. फैला हुआ है। (61/9; अरावली पर्वत/हिमालय)
3. राजस्थान की औसत वार्षिक वर्षा लगभग ………….सेमी. है, जबकि प्रदेश के मरुस्थलीय क्षेत्र में यह…….सेमी. से भी कम है। (51/5751; 60/50)
4. राजस्थान में सबसे अधिक वर्षा प्राप्त करने वाला स्थान ……….है। (बाँसवाड़ा/माउण्ट आबू)
5. अरब सागर के मानसून से अधिकांश वर्षा…राजस्थान में होती है। (पूर्वी/दक्षिणी)

**उत्तर:**

1. गुरुशिखर, सिरोही
2. 9, अरावली पर्वत
3. 57.51, 50
4. माउण्ट आबू
5. दक्षिणी

**निम्न वाक्यों में से सत्य/असत्य कथन छाँटिए-**

1. वर्तमान राजस्थान स्वतन्त्रता से पूर्व 19 रियासतों, 3 ठिकाने और 1 केन्द्र-शासित प्रदेश में विभक्त था।
2. राज्य में स्थित अरावली पर्वत विश्व के नवीनतम पर्वतों में से एक है।
3. अरावली क्षेत्र ही राजस्थान का सबसे ऊँचा क्षेत्र है।
4. राजस्थान का पूर्वी मैदानी भाग चम्बल, बनास, बाणगंगा |व उनकी सहायक नदियों द्वारा निर्मित है।
5. बंगाल की खाड़ी के मानसून से राजस्थान में कम वर्षा होती है जो अधिकांशतः दक्षिणी राजस्थान में होती है।

**उत्तर:**

1. सत्य
2. असत्य
3. सत्य
4. सत्य
5. असत्य

**निम्न को सुमेलित कीजिए-**

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
| 1. धोरे | अरावली पर्वत |
| 2. डांगे | धूल भरी हवाएँ |
| 3.गुरुशिखर | शीत ऋतु में होने वाली वर्षा |
| 4. लू | थार का मरुस्थल |
| 5. मावठ | पूर्वी मैदान |

धोरे-थार का मरुस्थल

**उत्तर:**

1. डांग-पूर्वी मैदान
2. गुरुशिखर-अरावली पर्वत
3. लू-धूल भरी हवाएँ
4. मावठ-शीत ऋतु में होने वाली वर्षा

**अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न**

**प्रश्न 1. भारतीय महामरुस्थल से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर:** राजस्थान में बाड़मेर, जैसलमेर व बीकानेर में स्थित मरुस्थलीय भाग को भारतीय महामरुस्थल कहा जाता है।

**प्रश्न 2. मरुस्थलीय वनस्पति की विशेषताएँ लिखिए।**

**उत्तर:** मरुस्थलीय वनस्पति की लम्बाई कम, पत्तियाँ छोटी व मोटी, तना छोटा एवं जड़े गहरी होती हैं।

**प्रश्न 3. अरावली पर्वत का विस्तार लिखिए।**

**उत्तर:** अरावली पर्वत का विस्तार दक्षिण में गुजरात के खेडुब्रह्मा से लेकर उत्तर में दिल्ली तक 692 किमी. लम्बाई में है।

**प्रश्न 4. थार का मरुस्थल में राजस्थान की कितने प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है?**

**उत्तर:** लगभग 40 प्रतिशत जनसंख्या।

**प्रश्न 5. थार मरुस्थल में पायी जाने वाली किन्हीं तीन घास के नाम लिखिए।**

**उत्तर:**

- सेवण
- धामण और
- करड़ घास

**प्रश्न 6. राजस्थान के राज्य पुष्प एवं राज्य वृक्ष का नाम बताइए।**

**उत्तर:** राज्य पुष्प – रोहिड़ा। राज्य वृक्ष – खेजड़ी।

**प्रश्न 7. पूर्वी मैदान का निर्माण किसके द्वारा हुआ है?**

**उत्तर:** पूर्वी मैदान का निर्माण चम्बल, बनास, बाणगंगा व उनकी सहायक नदियों द्वारा हुआ है।

**प्रश्न 8. राजस्थान में औसतन वार्षिक वर्षा कितनी होती है?**

**उत्तर:** लगभग 57.51 सेमी।

**प्रश्न 9. राजस्थान की प्रमुख ऋतुओं के नाम लिखिए।**

**उत्तर:**

- ग्रीष्म ऋतु (मार्च से जून)
- वर्षा ऋतु (जुलाई से सितम्बर) और
- शीत ऋतु (अक्टूबर से फरवरी)

**प्रश्न 10. किन्हीं चार मरुस्थलीय झाड़ियों के नाम बताइये।**

**उत्तर:**

- कैर
- आक
- थोर
- लाणा

**प्रश्न 11. अरावली पर्वत राजस्थान के किस भाग में स्थित है?**

**उत्तर:** अरावली पर्वत राजस्थान के मध्यवर्ती भाग में स्थित है।

**प्रश्न 12. अरावली पर्वत राजस्थान को कितने प्रमुख भागों में विभाजित करता है?**

**उत्तर:** दो भागों में-

- पूर्वी राजस्थान एवं
- पश्चिमी राजस्थान

**प्रश्न 13. चम्बल नदी के आसपास की भूमि को क्या कहते हैं?**

**उत्तर:** चम्बल नदी के आसपास की भूमि को चम्बल के बीहड़ या डांग या उत्खात भूमि कहते हैं

**प्रश्न 14. माही के मैदान को 'छप्पन का मैदान' क्यों कहा जाता है?**

**उत्तर:** इस क्षेत्र में छप्पन गाँवों व छप्पन नदी-नालों का समूह होने के कारण इसे 'छप्पन का मैदान' कहा जाता है।

**प्रश्न 15. दक्षिणी -पूर्वी पठार को हाड़ौती का पठार क्यों कहा जाता है?**

**उत्तर:** प्राचीनकाल में हाड़ा वंश के शासकों का क्षेत्र होने के कारण दक्षिणी-पूर्वी पठार को हाड़ौती का पठार कहा जाता है

**प्रश्न 16. राजस्थान में स्थित किन्हीं चार प्रमुख पठारों के नाम बताइये।**

**उत्तर:**

1. हाड़ौती का पठार
2. भोराट का पठार
3. उपरमाल का पठार
4. मेसा का पठार

**प्रश्न 17. राजस्थान में शीत ऋतु में होने वाली वर्षा को क्या कहते हैं?**

**उत्तर:** राजस्थान में शीत ऋतु में होने वाली वर्षा को 'मावठ' कहते हैं।

**प्रश्न 18. कौन-सी समवर्षा रेखा राजस्थान को दो भागों में बाँटती है?**

**उत्तर:** अरावली के सहारे 50 सेमी. समवर्षा रेखा राजस्थान को दो भागों में बाँटती है।

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. राजस्थान के पश्चिमी भाग में लगातार मरुस्थल का विस्तार हो रहा है। इंस मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को रोकने के कोई दो उपाय लिखिए।**

**उत्तर:** राजस्थान के पश्चिमी भाग में मरुस्थल का लगातार विस्तार हो रहा है। इसे रोकने के लिए निम्न दो उपाय किये जा सकते हैं-

1. मरुस्थलीकरण को रोकने के लिए पंक्तिबद्ध वृक्षारोपण करना चाहिए। इससे मरुस्थल के विस्तार को रोकने में मदद मिलेगी।
2. राजस्थान के पश्चिमी भाग में नहरों का अधिक विस्तार किया जाना चाहिए। इससे वहाँ कृषि तथा उद्यानिकी को बढ़ावा मिलेगा तथा मरुस्थल का विस्तार रुकेगा।

**प्रश्न 2. राजस्थान में तीन ऋतुएँ होती हैं। ग्रीष्म ऋतु की दशाएँ लिखिए।**

**उत्तर:** राजस्थान में ग्रीष्म ऋतु (मार्च से जून) की दशाएँइस ऋतु में तापमान सामान्यतः 30 से 40°C के ऊपर रहता है। पश्चिमी राजस्थान में विशेषकर जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, जोधपुर, श्रीगंगानगर, चूरू आदि जिलों में 40°- 45°C तक तापमान हो जाता है। थार मरुस्थल भारत के अत्यधिक गर्म प्रदेशों में से एक है जिसका कारण है रेत, क्योंकि रेत ज़ल्दी गर्म होती है व जल्दी ठंडी होती है। अतः मरुस्थल में इस ऋतु में दिन का तापमान बहुत बढ़ जाता है और रात में कम हो जाता है, जिससे दैनिक व वार्षिक तापान्तर भी अधिक होता है। ऊँचाई के कारण इस ऋतु में माउण्ट आबू राजस्थान का सबसे ठंडा रहने वाला स्थान है।

**प्रश्न 3. राजस्थान को बार-बार अकाल की समस्या से जूझना पड़ता है। अकाल की स्थिति का वर्णन करते हुए इससे बचने के उपाय लिखिए।**

**उत्तर: अकाल –** राजस्थान में वर्षा का सामयिक, अपर्याप्त, अनिश्चित, अनियमित होना तथा वर्षा के वितरण की असमानता से प्रभावित राजस्थान को बार-बार अकाल और सूखे की स्थिति से निपटना पड़ता है। पश्चिमी राजस्थान का अधिकांश क्षेत्र प्रतिवर्ष सूखे का सामना करता है। इसी सूखे के कारण पशु-पक्षियों के लिए चारा, पानी, मनुष्यों के लिए अनाज व पेयजल की कमी की स्थिति हो जाती है, जिसे अकाल कहा जाता है। बचने के उपाय-बार-बार अकाल की स्थिति से बचने के लिए वनों की कटाई पर रोक लगाकर वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यह वर्षा में सहायक होगा। भूमिगत जल के अतिदोहन पर रोक लगानी चाहिए तथा पारम्परिक जल संसाधन प्रबन्धन को बढ़ावा देना चाहिए।

**प्रश्न 4. राजस्थान में 5 प्रकार की जलवायु परिस्थितियाँ उपलब्ध हैं। कथन के परिप्रेक्ष्य में राजस्थान की जलवायु को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर:** राजस्थान की जलवायु-राजस्थान राज्य की अक्षांशीय और भारतीय उपमहाद्वीप में उसकी पश्चिमी स्थिति, अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी से दूरी, अरावली पर्वत की स्थिति और प्रदेश के विस्तार के कारण राजस्थान देश का एकमात्र प्रदेश है जहाँ 5 प्रकार की जलवायु परिस्थितियाँ उपलब्ध हैं। जहाँ राज्य के पश्चिम में लगभग 60% भाग में शुष्क और अर्द्धशुष्क मरुस्थलीय जलवायु है, वहीं अरावली के पूर्व में जयपुर एवं उत्तरी-पूर्वी जिलों में उप आर्द जलवायु, सवाईमाधोपुर से लेकर उदयपुर तक आर्द्र जलवायु एवं दक्षिण में बांसवाड़ा व दक्षिणपूर्व के झालावाड़ जिलों में अति आर्द्र जलवायु पाई जाती है, जहाँ औसत वार्षिक वर्षा लगभग 100 सेमी. है। यहाँ वर्ष में औसतन लगभग 57.51 सेमी. वर्षा होती है, जबकि प्रदेश के मरुस्थलीय क्षेत्र में यह 50 सेमी. से भी कम होती है। राजस्थान में वर्षभर मुख्यतः तीन ऋतुएँ- ग्रीष्म ऋतु (मार्च से जून), वर्षा ऋतु (जुलाई से सितम्बर) और शीत ऋतु (अक्टूबर से फरवरी) तक होती है।

**प्रश्न 5. क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि राजस्थान का भौतिक स्वरूप अत्यन्त विविधतायुक्त है?**

**उत्तर:** हाँ, राजस्थान का भौतिक स्वरूप अत्यन्त विविधतायुक्त है। यहाँ 61 प्रतिशत भाग पर थार का मरुस्थल फैला है तो राज्य के मध्य भाग में अरावली पर्वत श्रृंखला स्थित है। राज्य में 23 प्रतिशत भू-भाग मैदानी है जो चम्बल, बनास, बाणगंगा व उसकी सहायक नदियों से निर्मित है, वहीं दक्षिणी भाग पठारी है।

**प्रश्न 6. थार का मरुस्थल विश्व का सबसे धनी मरुस्थल कहलाता है। क्यों ?**

**उत्तर:** थार के मरुस्थल में विश्व के सभी मरुस्थलों से अधिक जन घनत्व (राजस्थान की लगभग 40 प्रतिशत जनसंख्या), पशु घनत्व, वर्षा, खनिज विविधता, वनस्पति, कृषि, सिंचाई के साधन, सर्वाधिक जैव विविधता पाई जाती है। इसी कारण थार का मरुस्थल विश्व का सबसे धनी मरुस्थल कहलाता है।

**प्रश्न 7. अरावली पर्वत राजस्थान का एक प्रमुख भौतिक प्रदेश है। इसे राजस्थान की 'जीवन-रेखा' क्यों कहा जाता है?**

**अथवा**

**अरावली पर्वतमाला को राजस्थान की 'जीवन रेखा' क्यों कहा जाता है? समझाइए।**

**उत्तर:** राजस्थान की सर्वाधिक वनस्पति, खनिज संसाधन, मरुस्थल के पूर्व की ओर प्रसार को रोकना, अधिकांश नदियों का उद्गम स्थान, अधिकांश वन्य जीव एवं जड़ी-बूटियों की उपस्थिति, बंगाल की खाड़ी के मानसून को रोककर पूर्वी राजस्थान में वर्षा करवाना आदि कारणों से अरावली को राजस्थान की 'जीवन-रेखा' कहा जाता है।

**प्रश्न 8. बालुका स्तूप से क्या अभिप्राय है? लिखिए।**

**उत्तर:** बाड़मेर, जैसलमेर व बीकानेर में स्थित मरुस्थलीय भाग को भारतीय महामरुस्थल' कहा जाता है। इस क्षेत्र में रेतीली मिट्टी व रेत के टीले पाये जाते हैं, जो हवा के साथ अपना स्थान बदल देते हैं। इन टीलों को ही बालुका स्तूप (स्थानीय नाम-धोरे) कहते हैं।

**प्रश्न 9. राजस्थान में छप्पन का मैदान' किसे कहा जाता है?**

**उत्तर:** राजस्थान के दक्षिणी भाग में बाँसवाड़ा व प्रतापगढ़ जिलों में माही और सहायक नदियों द्वारा निर्मित कुछ भाग मैदानी है जिसे माही के मैदान के रूप में जाना जाता है। इस क्षेत्र में छप्पन गाँवों एवं छप्पन नदी-नालों के समूह को छप्पन का मैदान कहा जाता है।

**प्रश्न 10. अकाल और मरुस्थलीकरण एक-दूसरे से किस प्रकार सम्बन्धित हैं? समझाइए।**

**उत्तर:** पश्चिमी राजस्थान का अधिकांश क्षेत्र प्रतिवर्ष सूखे का सामना करता है। इस सूखे के कारण पशु-पक्षियों के लिए चारा, पानी, मनुष्यों के लिए अनाज व पेयजल की कमी की स्थिति हो जाती है जिसे अकाल कहा जाता है। अकाल की स्थिति में भूमिगत जल का अतिदोहन किया जाता है तथा वनों की कटाई भी अधिक होती है। इस प्रकार अकाल की स्थिति में भौतिक एवं मानवीय कार्यों द्वारा उपजाऊ भूमि बंजर एवं रेतीली मिट्टी में परिवर्तित हो जाती है, इसी क्रिया को मरुस्थलीकरण कहते हैं। स्पष्ट है। दोनों परस्पर घनिष्ठ रूप से सम्बन्धित हैं।